ICFAI University receives award from Red Cross Society

April 19, 2016

the pioneer
RANCHI | TUESDAY | APRIL 19, 2016

ICFAI UNIVERSITY RECEIVES AWARD FROM RED CROSS SOCIETY

ICFAI University Jharkhand was awarded a trophy and certificate of appreciation by Red Cross Society of India for voluntary blood donation by its students and employees during 2015-16 on Monday. C P Singh, Urban Development department was present as the Chief Guest for the function. Mayor, Asha Lakra too presided over the function. On behalf of the University, the award was received by Dr BM Singh, Registrar, Professor Sumit Sinha and Amar Gupta.

आज
www.ajhindidaily.com रांची, १९ अप्रैल, २०१६

इक्फाई विवि को रेडक्रॉस सोसाईटी ने पुरस्कृत किया

रांची। इक्फाई विश्वविद्यालय को भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा सत्र 2015-16 में विवि के छात्रों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी प्रदान किया गया। शहरी विकास मंत्री सीपी सिंह समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। रांची की मेयर आशा लकड़ा ने समारोह की अध्यक्षता की। विवि की ओर से यह पुरस्कार कुलसचिव डा.बीएम सिंह , प्रोफेसर सुमित सिन्हा एवं अमर गुप्ता ने लिया। इस अवसर पर विवि के टीम को बधाई देते हुए इक्फाई विवि के कुलपति प्रो. आरएस.राव ने कहा कि हमारे विवि के छात्र एवं कर्मचारियों ने स्वेच्छा से पिछले कुछ वर्षों से लगातार रेड क्रॉस सोसयटी के लिए रक्तदान कर रहें हैं। यह पुरस्कार हमारे छात्रों एवं कर्मचारियों को आने वाले दिनों के लिए योगदान के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है।

आजाद सिपाही

अपनी रांची

रांची, मंगलवार, 19 अप्रैल, 2016 | 05
www.azadsipahi.com

रेडक्रॉस सोसाइटी ने इक्फाई विवि को किया पुरस्कृत

कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री सीपी सिंह, डीसी मनोज कुमार, मेयर आशा लकड़ा और अन्य अतिथि।

संवाददाता

रांची। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा सत्र 2015-16 में स्वैच्छिक रक्तदान के लिए इक्फाई विवि को प्रशंसा पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर विवि के पूरे टीम को बधाई देते हुए कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय के छात्र एवं कर्मचारी स्वेच्छा से पिछले चार वर्षों से लगातार रेडक्रॉस सोसाइटी के लिए रक्तदान कर रहे हैं। यह पुरस्कार हमारे छात्रों एवं कर्मचारियों को आने वाले दिनों में समाज के लिए योगदान के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में नगर विकास मंत्री सीपी सिंह एवं मेयर आशा लकड़ा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर

रक्तदान के लिए इक्फाई विवि को ट्रॉफी

रांची | इक्फाई यूनिवर्सिटी झारखंड के सत्र 2015-16 के स्टूडेंट्स, विवि अधिकारी और कर्मचारियों ने ब्लड डोनेट किया था। ब्लड रेडक्रॉस सोसायटी को सौंपा गया था। इस स्वैच्छिक रक्तदान के लिए विश्वविद्यालय को ट्रॉफी प्रदान की गई है। ट्रॉफी सोमवार को शहरी विकास मंत्री सीपी सिंह व मेयर आशा लकड़ा ने विवि के रजिस्ट्रार डॉ. बीएम सिंह को सौंपी। साथ ही कहा कि रक्तदान जीवन दान के समान है। इस तरह का दान देने के लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे आना चाहिए।